बरेली, सोमवार
4 अगस्त, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण



# दर्शकों के दिल को छू गया सूफी स्कोर का कार्यक्रम

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम गायन वादन के साथ सूफी स्कोर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां गायन व वाद्ययंत्रों के गुरुओं संग उनके विद्यार्थियों ने इसमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 'तुम्हें दिल लगी भूल जानी पड़ेगी' गीत दर्शकों के दिल को छू गया।

सूफी स्कोर का आरंभ वादन गुरुओं सूर्यकांत चौधरी (वायलिन), सूरज पांडेय (बांसुरी), अमरनाथ (तबला), अनुग्रह सिंह (ड्रम), विशेष सिंह (गिटार), प्रयाग श्रीवास्तव (सितार), ऋषभ आशीष पाठक (ढोलक), रानी फिलिप्स (सैक्सोफोन) और अभिनव की-बोर्ड ने वाद्ययंत्रों से मधुर स्वर बिखेर कर किया। गायन गुरु प्रियंका ग्वाल ने फिल्म के गाने लंबी जुदाई को अपनी आवाज में प्रस्तुत किया। गायन के



रिद्धिमा मे गायन-वादन की शाम मे प्रस्तुति देते कलाकार • सौ से मीडिया प्रभारी

विद्यार्थियों शालिनी पांडेय, अंशुमा अग्रवाल, स्वरित तिवारी, सोनम गुआल ने गीत तुम्हें दिल लगी भूल जानी पड़ेगी को अपनी आवाज दी। गुरु प्रियंका ग्वाल ने गीत जबसे तूने मुझे दीवाना अपने स्वरों में पिरोया। अंशुमा अग्रवाल ने गीत चौदहवीं सबको कहा को स्वर दिए। इंदू परडल ने मेरे रश्क ए कमर को गायक श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, गुरु मेहरोत्रा, डा. एमएस बुटोला, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज, डा. शैलेश, डा. रीटा शर्मा आदि मौजूद रहे।